

## मेदिनीनगर नगर निगम में 58.46 प्रतिशत मतदान

# प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में बंद, 27 को होगा फैसला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में कुल 58.46 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में मतदान को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई।

मेयर पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे 11 उम्मीदवारों तथा नगर निगम के 32 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों का भाग्य अब मतपेटियों में बंद हो गया है। सभी निर्धारित मतदान केंद्रों पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

सुबह सात बजे निर्धारित समय पर मतदान शुरू हुआ। शुरुआती घंटों में मतदाताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मतदान केंद्रों पर भीड़ बढ़ती गई। दोपहर बाद कई बूथों पर मतदान की रफ्तार तेज हो गई। पहली बार मतदान करने पहुंचे युवा मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। कई युवाओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी को अपनी जिम्मेदारी बताया। दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। कई केंद्रों पर व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी और मतदान कर्मियों द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। महिला मतदाताओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। कुछ केंद्रों पर महिलाओं की कतारें पुरुषों से लंबी दिखाई दीं, जो लोकतंत्र के प्रति बढ़ती जागरूकता का संकेत है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या व्यवधान की सूचना नहीं मिली। मतदान समाप्ति के बाद सभी मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच सील कर निर्धारित वज्रगृह में सुरक्षित रख दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी लगातार की जा रही है।

अब सभी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की निगाहें 27 फरवरी को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। मतगणना के दिन ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि नगर निगम की बागडोर किसके हाथों में जाएगी और आगामी पांच वर्षों के लिए शहर की दिशा तय करने की जिम्मेदारी किसे मिलेगी।







## मेदिनीनगर में लोकतंत्र का उत्सव, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर किया मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में मतदान के दौरान लोकतंत्र का उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न वार्डों के मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। बुजुर्गों, युवाओं तथा पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में विशेष उत्साह नजर आया।

सुबह मौसम अनुकूल रहने के कारण मतदाता बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचे। कई स्थानों पर बुजुर्ग मतदाताओं को परिवारजनों के सहारे मतदान केंद्र तक पहुंचते देखा गया। युवाओं में अपने मताधिकार के प्रति जागरूकता स्पष्ट दिखाई दी।



हालांकि कुछ वार्डों में मतदाताओं को नाम दूसरे वार्ड में स्थानांतरित होने या मतदान केंद्र बदल जाने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अभाव में कुछ लोग इधर-उधर भटकते नजर आए, लेकिन प्रशासनिक कर्मियों की सहायता से वे अपने निर्धारित केंद्र तक पहुंच सके।

नगर निगम में मेयर पद महिला आरक्षित होने तथा लगभग आधे वार्ड महिला आरक्षित होने के कारण महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में महिलाएं समूह बनाकर मतदान केंद्रों पर पहुंचीं। कई स्थानों पर महिलाओं की कतार पुरुषों से लंबी दिखाई दी।

सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती के बीच मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होती रही। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव में प्रशासन मुस्तैद

# सदर बीडीओ व थाना प्रभारी ने कई बूथों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में हो रहे नगर निकाय चुनाव के तहत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में मेयर पद एवं वार्ड पार्षदों के चयन के लिए सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ हुआ, जो शाम पांच बजे तक जारी रहा। चुनाव को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस के निर्देशन में चुनाव संपन्न कराया गया। विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी क्रम में सदर बीडीओ सह अंचलाधिकारी जागो महतो ने सिंगरा, पोखराहा, बैरिया, बारालोटा समेत कई बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर तैनात पीठासीन अधिकारियों से मतदान की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्री महतो ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित मतदान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। दूसरी ओर, सदर थाना प्रभारी लालजी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए बहलोलवा, कचरवा, बारालोटा, निमियां समेत कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने तैनात पुलिस बल से स्थिति की जानकारी प्राप्त की और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने का निर्देश दिया।





टीओपी टू प्रभारी राकेश सिंह पैंथर मोबाइल के साथ कांदु मुहल्ला, कुंजड़ा पट्टी एवं दो नंबर टाउन बूथों पर लगातार गश्ती करते रहे। प्रशासनिक सक्रियता के कारण असामाजिक तत्वों में भय का माहौल कायम रहा। समाचार लिखे जाने तक सदर प्रखंड थाना क्षेत्र एवं टीओपी टू क्षेत्र के किसी भी बूथ से किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

## नगर निकाय चुनाव 2026: डीआईजी, डीसी और एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

- सुरक्षा, गोपनीयता और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में जारी मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) कौशल किशोर, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस तथा पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने वार्ड संख्या 6 अंतर्गत राजकीय नव प्राथमिक विद्यालय, कचरवा स्थित बूथ संख्या 3 एवं 4; वार्ड संख्या 5 के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बहलोलवा के बूथ संख्या 2 एवं 3; तथा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पोखरखुर्द स्थित बूथ संख्या 1 का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्था की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा प्रबंध तथा मतदाताओं की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। वार्ड संख्या 31 के मतदान केंद्र संख्या 3 पर अनावश्यक रूप से जमा भीड़ को पुलिस अधीक्षक ने तत्काल हटवाया, जिससे मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रह सका।

कुछ मतदान केंद्रों पर यह शिकायत मिली कि मतदान कक्ष के अंदर दो व्यक्ति एक साथ प्रवेश कर मतदान कर रहे हैं, जिससे गुप्त मतदान की प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता अलग-अलग और पूर्ण गोपनीयता के साथ ही मतदान करें।

वार्ड संख्या 27 में भी उपायुक्त ने मतदान प्रक्रिया को अधिक सुचारू एवं तीव्र गति से संचालित करने का निर्देश दिया, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# पवन हत्याकांड का खुलासा: प्रेम प्रसंग में पीट-पीटकर हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार

- बैटरी चोरी की कहानी गढ़कर मामले को भटकाने का प्रयास, पुलिस अनुसंधान में सच्चाई आई सामने

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के कोकरसा गांव के तेलियाही टोला में हुई पवन कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। प्रारंभिक स्तर पर घटना को ट्रैक्टर की बैटरी चोरी से जोड़कर प्रस्तुत करने की कोशिश की गई थी, लेकिन गहन अनुसंधान में यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा पाया गया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों—पिता और पुत्र—को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसकी पुष्टि पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने की।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार, मुरमा निवासी पवन कुमार अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए कोकरसा गांव के तेलियाही टोला स्थित पारस मेहता के घर गया था। इसी दौरान घर के सदस्यों ने उसे देख लिया और पकड़कर उसकी बेरहमी से पिटाई की। घटना को छिपाने और गुमराह करने के उद्देश्य से घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी के प्रयास की अफवाह फैला दी गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग भी जुट गए और उन्होंने भी पवन की पिटाई कर दी।

पुलिस जांच में सामने आया कि पवन कुमार पारस मेहता के घर एक युवती से मिलने गया था। जानकारी मिलते ही पारस और उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर पवन के हाथ-पैर बांध दिए और उसकी पिटाई की। बाद में उस पर चोरी का आरोप लगाकर मामले को दूसरी दिशा देने की कोशिश की गई। पूछताछ के दौरान पारस मेहता ने स्वीकार किया कि 21 फरवरी की रात पवन उसके घर चोरी-छिपे आया था और उसी दौरान उसे पकड़कर मारा-पीटा गया।

गंभीर रूप से घायल पवन कुमार को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में पारस महतो उर्फ पारस मेहता (37 वर्ष) और उसके पिता वीरेंद्र मेहता (60 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त लाठी तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि मृतक पवन अपने परिवार का इकलौता पुत्र था और पेशे से चालक था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस का कहना है कि मामले की आगे की जांच जारी है और अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

## डालटनगंज मुख्य बाजार क्षेत्र में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

- सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कई इलाकों में नहीं रहेगी बिजली

**मेदिनीनगर।** शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्केट एरिया में विद्युत विभाग द्वारा नए लगाए गए केबल से लाइन चालू करने तथा पुराने तार हटाने का कार्य किया जाएगा। इस कारण शिवाला रोड, धोबी मोहल्ला, आढ़त रोड, पंचमुहान, जैन मंदिर रोड, विष्णु मंदिर रोड एवं बाटा रोड में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

## कैमरे की नजर से मतदान के दृश्य







## नीति आयोग के सदस्य ने दिया राष्ट्रीय सम्मान

# एमके डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या इंद्राणी चटर्जी को अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 में विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिंदी ओलिंपियाड फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा प्रदान किया गया।

अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 की परीक्षा 10 अक्टूबर 2025 को विद्यालय परिसर में आयोजित की गई थी। परीक्षा राज्य कोड 20 तथा परीक्षा केंद्र संख्या 95 के अंतर्गत तीसरी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए संपन्न हुई। इस प्रतिष्ठित अखिल भारतीय परीक्षा में विद्यालय के कुल 225 छात्रों ने भाग लिया। परिणाम घोषित होने पर विद्यालय के 26 विद्यार्थियों ने पदक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया। इनमें 6 स्वर्ण, 8 रजत तथा 12 कांस्य पदक शामिल हैं। छात्रों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के फलस्वरूप संस्था ने विद्यालय की प्राचार्या को सम्मान ग्रहण करने हेतु आमंत्रित किया।

सम्मान समारोह 22 फरवरी 2026 को नई दिल्ली स्थित सी.डी. देशमुख ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह में कविंदर गुप्ता ( उपराज्यपाल, लद्दाख) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार सारस्वत (सदस्य, नीति आयोग, भारत सरकार) के कर-कमलों द्वारा प्राचार्या इंद्राणी चटर्जी को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात प्राचार्या ने अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि डी.ए.वी. संस्थानों में सभी विषयों पर समान रूप से ध्यान दिया जाता है और भाषा शिक्षण को विशेष महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारे देश की पहचान और गौरव है। राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों का हिंदी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व और संतोष का विषय है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा हिंदी शिक्षकों के समर्पित प्रयासों को दिया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष और उत्साह का माहौल है।

## मेयर पद के प्रत्याशियों ने मतदान के बाद अपने निशान दिखाए









## युवक को मारपीट कर कुएं में फेंका, बाल-बाल बची जान




नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव में एक युवक को मारपीट कर कुएं में फेंकने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार दुखी पासवान के 45 वर्षीय पुत्र उमेश पासवान रविवार शाम खेत की ओर गए थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने उनका मुंह बांधकर मारपीट की और जान से मारने की नीयत से पास के कुएं में डाल दिया। परिजनों के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। घायल के पिता ने थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों की मदद से युवक को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिससे उसकी जान बच सकी।

# मझिआंव नगर पंचायत में 64.35% मतदान, शांतिपूर्ण संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** मझिआंव नगर पंचायत निर्वाचन में सोमवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। शाम पांच बजे तक कुल 64.35 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। एसडीएम सदर सह निर्वाची पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। पुलिस बल दिनभर गश्त करता रहा। बीडीओ, सीओ एवं अन्य अधिकारी भी फील्ड में सक्रिय रहे।




प्रशासन की सतर्कता के कारण कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं एवं प्रत्याशियों का आभार व्यक्त किया।

### उपायुक्त व एसपी ने श्री बंशीधर नगर में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** उपायुक्त दिनेश यादव एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डोमटोली नगर ऊंटारी, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय नगर ऊंटारी, राजकीयकृत अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय तथा किसान भवन नगर ऊंटारी सहित अन्य बूथों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, मतदाता सुविधा एवं मतदान प्रक्रिया की समीक्षा की गई। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, बीडीओ रौशन कुमार, अंचल अधिकारी विकास कुमार सिंह तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## निकाय चुनाव में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी

● गढ़वा जिले के तीनों नगर निकायों में दिखा उत्साह

नवीन मेल संवाददाता




**गढ़वा।** जिले के तीनों नगर निकाय—गढ़वा नगर परिषद, श्रीबंशीधर नगर और मझिआंव नगर पंचायत—में चुनाव के दौरान महिला मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सुबह से ही विभिन्न बूथों पर महिलाएं कतार में खड़ी होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करती रहीं। गढ़वा नगर परिषद में कुल 34,347 मतदाताओं में 16,777 महिला मतदाता शामिल थीं। श्रीबंशीधर नगर में 26,946 मतदाताओं में 13,197 महिलाएं तथा मझिआंव नगर पंचायत में 15,266 मतदाताओं में 7,509 महिला मतदाता थीं। कई बूथों पर महिलाओं की कतार पुरुषों से लंबी देखी गई। वार्ड 18 और 21 सहित विभिन्न बूथों पर सुबह के समय ही महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। श्रीबंशीधर नगर क्षेत्र में रोजा के बावजूद अल्पसंख्यक महिलाओं ने भी मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशुनपुर और सोनवर्षा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं मतदान केंद्र पहुंचीं। महिलाओं ने शहर के विकास, स्वच्छता, पेयजल और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की उम्मीद के साथ मतदान किया। प्रशासन की देखरेख में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और मजबूत किया।

### विषैले जंतु के काटने से युवक की तबीयत बिगड़ी



**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी असलम खान को खेत में लकड़ी लाने के दौरान विषैले जंतु ने काट लिया। घटना के बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा जांच में नशे में धुत पाया गया

● विवाह स्थल के पास घूमने पर हुआ हंगामा, पुलिस ने सत्यापन के बाद छोड़ा

नवीन मेल संवाददाता




**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड की द्वारी पंचायत अंतर्गत इंद्रा गांव में रविवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब विवाह समारोह के दौरान दो युवक संदिग्ध अवस्था में टेंट के आसपास घूमते दिखे। ग्रामीणों को संदेह हुआ कि दोनों चोरी की नीयत से आए हैं। तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ लिया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। इसी बीच गश्ती पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अमन कुमार (20 वर्ष), पिता राजेश साव, इंद्रा गांव बताया। उसने कहा कि वह हजारीबाग जाने के दौरान नशे की हालत में भटक गया था और सड़क किनारे बाइक खड़ी कर गांव की ओर चला आया। सत्यापन के बाद पुलिस ने उसे चेतावनी देकर परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, लेकिन अफवाह न फैलाएं।

## नीलगायों का आतंक, दो एकड़ गेहूं की फसल बर्बाद



नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** कंचनपुर पंचायत अंतर्गत सिकरा गांव में जंगली नीलगायों के झुंड ने दो एकड़ में लगी गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे किसान गौतम दास ने बताया कि उनकी फसल अच्छी स्थिति में थी और पौधों का विकास हो रहा था। इसी दौरान नीलगायों का झुंड खेत में घुस आया और फसल को चरने के साथ रौंदकर बर्बाद कर दिया। किसान ने कहा कि गेहूं की खेती ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य आधार थी। अचानक हुए नुकसान से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। उन्होंने वन विभाग से खेत का निरीक्षण कर वास्तविक क्षति का आकलन करने और उचित मुआवजा देने की मांग की है। अन्य किसानों ने भी क्षेत्र में नीलगायों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है।

# प्रमंडलीय आयुक्त का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### पलामू और गढ़वा के मतदान केंद्रों पर पहुंचकर दिए आवश्यक निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत जारी मतदान प्रक्रिया का प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पलामू और गढ़वा जिलों के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा, मतदाता सुविधाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत संस्कार एकेडमी, शाहपुर तथा राजकीय बालिका बुनियादी विद्यालय स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने मतदाताओं से बातचीत की। वहीं गढ़वा जिले में मध्य विद्यालय, टंडवा और आरके गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय स्थित मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मतदाताओं के फोटोयुक्त पहचान पत्र और मतदाता पर्ची की जांच की। पहली बार मतदान करने पहुंचे युवाओं, महिला मतदाताओं और वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उन्होंने मतदान प्रक्रिया के अनुभवों की जानकारी ली। अधिकांश मतदाताओं ने शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। आयुक्त ने मतदान कार्य में लगे पदाधिकारियों और कर्मियों से भी विस्तृत जानकारी ली तथा उन्हें निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षाबलों को भी सतर्क रहने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होता पाया गया। पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई थी। कुमुद सहाय ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता की भागीदारी आवश्यक है और शांतिपूर्ण मतदान इसकी सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने मतदाताओं से अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने की अपील की।

## माता शबरी महोत्सव में केंद्रीय मंत्री शामिल



नवीन मेल संवाददाता

**हंटरगंज (चतरा)।** हाई स्कूल मैदान में आयोजित माता शबरी महोत्सव सह भुईयां समाज मिलन समारोह में केंद्रीय मंत्री सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने समाज में शिक्षा के प्रसार, नशामुक्ति और एकता पर बल दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

### ड्रेन निर्माण में अनियमितता की शिकायत



**कांडी।** भंडरिया गांव में भीम बराज के समीप निर्माणाधीन ड्रेन में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की है। उनका आरोप है कि क्योरिंग सही ढंग से नहीं की जा रही और मिट्टी भराई में भी लापरवाही बरती गई है।निर्माण एजेंसी के इंजीनियर ने कुछ कमियों को स्वीकार करते हुए सुधार का आश्वासन दिया है। विभागीय अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## लामी सरहिया में जलमीनार बंद, ग्रामीण परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** मझिगांवा पंचायत के लामी सरहिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए 17 सोलर जलमीनारों में अधिकांश बंद पड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया निर्माण और रखरखाव के अभाव में छह माह के भीतर ही जलापूर्ति ठप हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है और कई सोलर पंप खराब पड़े हैं। शिकायत के बावजूद विभाग और संवेदक की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। परिणामस्वरूप लोगों को आज भी चापाकल या दूरस्थ स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक योजना दुरुस्त नहीं होगी, तब तक हैंडओवर नहीं लिया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है।

### कीटनाशक सेवन से महिला की हालत गंभीर

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के रोहिनिया गांव निवासी सीमा देवी ने सोमवार को कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार किसी घरेलू विवाद के बाद उन्होंने यह कदम उठाया। फिलहाल उनका इलाज जारी है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया

गढ़वा। रंका थाना क्षेत्र के बीरबांध निवासी सुनील कुमार तुरिया मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए। बताया गया कि वे रंका की ओर जा रहे थे, तभी मझिगांवा के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।



## डीएलएसए के हस्तक्षेप से अनाथ बालक अभय कुजूर का रेस्क्यू, समर्थ विद्यालय में नामांकन

● श्रम शोषण से मुक्त कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया

नवीन मेल संवाददाता




**रंका (गढ़वा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के हस्तक्षेप से एक अनाथ बालक को श्रम शोषण से मुक्त कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की सराहनीय पहल सामने आई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के अध्यक्ष सह न्यायाधीश मनोज प्रसाद एवं सचिव निभा रंजना लकड़ा के निर्देशन में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालक अभय कुजूर का रेस्क्यू किया। यह पहल विश्रामपुर पंचायत की बुजुर्ग विधवा लखमनिया कुंवर के आवेदन के आधार पर की गई। जांच में पाया गया कि ग्राम विश्रामपुर, पोस्ट बिश्रामपुर, थाना रंका निवासी अभय कुजूर, स्वर्गीय रामप्रवेश उरांव और स्वर्गीय गीता देवी के पुत्र हैं और पूर्ण रूप से अनाथ हो चुके हैं। आरोप था कि गांव के एक ट्रैक्टर संचालक द्वारा उन्हें बहला-फुसलाकर मजदूरी में लगाया जा रहा था। दिनभर कार्य कराने के बाद मामूली पैसे देकर भेज दिया जाता था। शिक्षकों और दादी द्वारा पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के बावजूद उसे मजदूरी में उलझाया जा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीएलवी ने संबंधित ट्रैक्टर मालिक एवं ईंट-भट्ठा संचालक के यहां पहुंचकर बालक को मुक्त कराया और कड़ी चेतावनी दी। इसके बाद अभय की शैक्षणिक एवं आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कराई गई। उनका नामांकन सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में कराया गया। प्रधानाध्यापिका आशा देवी के सहयोग से नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हुई। डीएलएसए की ओर से बताया गया कि बच्चों से दोस्ती, ओपन हाउस, स्वच्छ भारत अभियान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता चलाई जा रही है। अनाथ एवं असहाय बच्चों को चिन्हित कर उनका रेस्क्यू, चिकित्सा जांच एवं शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इस पहल में पीएलवी महेंद्र ठाकुर, चंदन कुमार, चंदन रवि एवं राजूरंजन मिश्रा सहित ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### खरौंधी में महायज्ञ की तैयारी तेज

# 5 से 9 मार्च तक होगा शतचंडी महायज्ञ, कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी 5 से 9 मार्च तक आयोजित होने वाले शतचंडी महायज्ञ को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल है। आयोजन स्थल पर भव्य मंडप का निर्माण कराया जा रहा है तथा व्यवस्था संचालन के लिए अलग-अलग समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां तय की गई हैं। यह महायज्ञ स्वामी सुंदर राज महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान एवं संरक्षक उपेंद्र दास ने बताया कि यह आयोजन धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। लगभग सौ वर्ष पुराने देवी मंदिर से माता की प्रतिमा को नव-निर्मित भव्य मंदिर में विधिवत स्थापित किया जाएगा। इसी अवसर पर शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अनुसार 5 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ यज्ञ की शुरुआत होगी। 6 मार्च को मंडप पूजन और अग्नि प्रवेश के उपरांत हवन कार्यक्रम संपन्न होगा। उसी दिन संध्या में माता की मूर्ति स्थापना के लिए विधिवत मंत्रोच्चारण कर निमंत्रण दिया जाएगा। 7 मार्च को पुनः पूजन और हवन होगा। 8 मार्च को पूजा-अर्चना के बाद माता की प्रतिमा को नए मंदिर में स्थापित किया जाएगा। 9 मार्च को पूर्णाहुति, संत विदाई तथा विशाल भंडारे के साथ आयोजन का समापन होगा। स्वामी सुंदर राज महाराज ने कहा कि महायज्ञ का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना और आपसी सद्भाव को मजबूत करना है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन दोपहर एक बजे प्रवचन तथा रात्रि में वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला की प्रस्तुति होगी।

### भटके बालक को पुलिस ने सकुशल परिजनों से मिलाया

**मयूरहंड (चतरा)।** परोरिया गांव में एक 10 वर्षीय बालक के भटकने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए उसे सुरक्षित रखा और पुलिस को खबर दी। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर थाना प्रभारी आशिष प्रसाद ने बच्चे को थाना लाकर पहचान का प्रयास किया। बाद में उसकी पहचान हर्ष कुमार (10 वर्ष), निवासी कटकमदाग, हजारीबाग के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार बालक अपने नाना के घर चौपारण आया था और वहीं से भटककर मयूरहंड पहुंच गया। पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर आवश्यक सत्यापन के बाद बच्चे को सौंप दिया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों की सराहना की और बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की।

## गर्मी बढ़ते ही जल संकट गहराने लगा



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गर्मी की शुरुआत के साथ ही जिले के कई क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति बनने लगी है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अनुसार हर घर नल योजना के तहत हजारों योजनाएं संचालित हैं, जिनमें कई निर्माणाधीन हैं। ड्राइजोन के रूप में चिन्हित 40 से अधिक क्षेत्रों में पानी की किल्लत अधिक है। विभाग ने खराब चापाकलों की मरम्मत और निर्माणाधीन योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से राहत मिल सके।

# बैलेट बॉक्स में बंद हुआ प्रत्याशियों का भाग्य, 27 को होगा फैसला

- 28 फरवरी को जीत का सेहरा पहनने वालों की मनेगी होली

**नवीन मेल संवाददाता**





**लातेहार।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत सोमवार को नगर पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के सभी प्रत्याशियों का भाग्य अब बैलेट बॉक्स में बंद हो चुका है। 27 फरवरी को मतगणना के साथ ही यह तय हो जाएगा कि नगर की कमान किसके हाथ में जाएगी।

नगर क्षेत्र में कुल 22 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सभी बूथों पर सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई। शुरुआती घंटों में मतदान की रफ्तार सामान्य रही, लेकिन दिन चढ़ने के साथ मतदाताओं की संख्या बढ़ती गई। युवा, महिलाएं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक मतदान में हिस्सा लिया। शाम 5 बजे निर्धारित समय पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

इस चुनाव में नगर अध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि 15 वार्डों के पार्षद पद के लिए कुल 56 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान के दौरान प्रत्याशी विभिन्न बूथों पर जाकर मतदान की स्थिति का जायजा लेते रहे। अधिकांश प्रत्याशियों ने स्वयं भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान समाप्ति के बाद सभी बैलेट बॉक्स को मतदान कर्मियों द्वारा सील कर कड़ी सुरक्षा के बीच वज्रगृह के लिए रवाना किया गया। प्रशासन की निगरानी में मतपेटियों को सुरक्षित जमा कराया गया। अब सभी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की नजरें 27 फरवरी को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं।

यदि परिणाम अनुकूल रहे तो विजयी प्रत्याशियों के लिए 28 फरवरी की होली जीत के जश्न के साथ मनाई जाएगी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी उत्कर्ष गुप्ता ने किया मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने चंदनडीह स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 14/1 पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान केंद्र पर पहुंचकर उन्होंने मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा तैनात कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

उपायुक्त गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी मतदाताओं से निर्भीक एवं निष्पक्ष वातावरण में मतदान करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक और सुदृढ़ व्यवस्था की गई है। सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली, सुरक्षा सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिले में मतदान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रहा है और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, 66.12 प्रतिशत मतदान

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी व एसपी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत नगर पंचायत चुनाव 66.12 प्रतिशत मतदान के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी।

उपायुक्त ने बताया कि नगर क्षेत्र में कुल 22 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। सभी केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई और शाम 5 बजे तक निर्बाध रूप से मतदान कराया गया। कुल 13,217 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि मतदान के बाद सभी बैलेट बॉक्स को सील कर पॉलिटेक्निक स्थित वज्रगृह में जमा कराया गया है। मतपेटियों की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। मतगणना 27 फरवरी को होगी। इसके लिए 15 टेबल बनाए गए हैं और दो राउंड में मतगणना प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मतगणना कार्य के लिए 55 कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि पूरे चुनाव के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सभी बूथों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही। उन्होंने बताया कि मतगणना के दिन भी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे, ताकि प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। प्रशासन ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं, राजनीतिक दलों एवं चुनाव कर्मियों का आभार जताया है। अब सभी की निगाहें मतगणना दिवस पर टिकी हैं, जब बैलेट बॉक्स में बंद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला सामने आएगा।

## 46वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में लातेहार के चार खिलाड़ी झारखंड टीम में शामिल

- झारखंड बालिका टीम के चीफ कोच बने प्रवीण मिश्रा

**नवीन मेल संवाददाता**







**लातेहार।** 46वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर बालक/बालिका वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2026 में भाग लेने के लिए डे बोर्डिंग बालक/बालिका वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र, लातेहार के चार खिलाड़ी हुगली, पश्चिम बंगाल रवाना हुए हैं। लातेहार में आयोजित 23वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर 18-18 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया था। झारखंड बालिका टीम का प्रशिक्षण शिविर लातेहार में आयोजित हुआ, जबकि बालक टीम का प्रशिक्षण शिविर रांची में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के बाद 14-14 खिलाड़ियों का अंतिम चयन किया गया। लातेहार से बालिका वर्ग में अनुष्का कुमारी, रजनी कुमारी और आभा कुमारी तथा बालक वर्ग में विवेक कुमार का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी हुगली (पश्चिम बंगाल) में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। डे बोर्डिंग बालिका प्रशिक्षण केंद्र, लातेहार के प्रशिक्षक सह सचिव, लातेहार जिला वॉलीबॉल संघ प्रवीण मिश्रा को झारखंड बालिका टीम का चीफ कोच बनाया गया है। वे टीम के साथ हुगली रवाना हुए। खिलाड़ियों एवं कोच को जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी, लातेहार जिला वॉलीबॉल संघ के चेयरमैन जय सिंह, अध्यक्ष रंजीत पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी, उपाध्यक्ष मनोहर प्रसाद, विवेक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी।

## हुचलू में ट्रांसफार्मर खराब, रमज़ान में ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र की बारी पंचायत के हुचलू गांव में बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से कई दिनों से आपूर्ति ठप है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर पूर्व में भी कई बार खराब हो चुका था। आपसी सहयोग से मरम्मत कर काम चलाया जाता रहा, लेकिन इस बार ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल चुका है और मरम्मत संभव नहीं है। बिजली बाधित होने से पेयजल संकट गहरा गया है। मोटर पंप बंद रहने से लोगों को दूर से पानी लाना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और मोबाइल चार्जिंग सहित दैनिक कार्यों में कठिनाई हो रही है। पवित्र रमज़ान माह के दौरान रोजेदारों को सहरी और इफ्तार के समय विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात में अंधेरा रहने से सुरक्षा की चिंता भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से अविलंब नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

## महुआडांड़ थाना प्रभारी पर मारपीट व अवैध कार्रवाई का आरोप, एसपी से शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता अनजर खान ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी ने उनके साथ अवैध रूप से मारपीट की, घर में जबरन प्रवेश किया तथा सामान उठाने जैसी कार्रवाई की।

आवेदन के अनुसार 18 फरवरी 2026 की सुबह लगभग 3 बजे थाना प्रभारी कथित रूप से उनके घर पहुंचे और गेट फांदकर अंदर घुस गए। उस समय शिकायतकर्ता अपने बच्चों के साथ घर में मौजूद थे। आरोप है कि उन्हें जबरन उठाकर मारपीट की गई और मोबाइल फोन छीन लिया गया।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि 21 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे थाना प्रभारी एक अन्य व्यक्ति के साथ पुनः घर पहुंचे। उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। आरोप है कि दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया गया और घर का सामान उनकी पत्नी को दिलवा दिया गया।

इसके अलावा 22 फरवरी की शाम महुआडांड़ बाजार क्षेत्र में भी मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक, लातेहार से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## अतिक्रमण पर प्रशासन का सख्त प्रहार, अवैध निर्माण ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सरकारी जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।

एसडीओ बिपिन कुमार दुबे ने बताया कि मनोज जायसवाल के विरुद्ध अंचल कार्यालय में अतिक्रमण वाद संख्या 02/25-26 दर्ज था। जांच में पाया गया कि मौजा रामपुर, खाता संख्या 268 अंतर्गत प्लॉट संख्या 177 (रकवा 20 डी, तालाब), प्लॉट संख्या 178 (रकवा 7 डी, तालाब) तथा प्लॉट संख्या 174 (रकवा 15 डी, अनाबादी, बिहार सरकार) की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया गया था।

मामले की अंतिम सुनवाई 28 जनवरी को पूरी कर संबंधित व्यक्ति को 15 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। बावजूद इसके निर्माण कार्य जारी रखा गया। सूचना मिलते ही प्रशासन ने थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को मौके पर भेजकर जांच कराई, जहां पाया गया कि बाउंड्री के भीतर प्लिंथ लेवल तक निर्माण किया जा चुका था।

इसके बाद प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बारियातू में 25 फरवरी को होली मिलन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्व. महंगू साव के आवास पर 25 फरवरी को आयोजित होने वाले होली मिलन सह सम्मान समारोह की सफलता को लेकर तैलिक साहू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन साहू ने की। बैठक में समारोह की रूपरेखा, अतिथियों के स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सम्मान समारोह की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई।

समाज के जिलाध्यक्ष रंजीत साहू ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं और आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू, कोडरमा की जेएमएम नेत्री शालिनी गुप्ता, हजारीबाग के कटकमसांडी से प्रियंका साहू तथा बड़कागांव से पूर्णिमा साहू शामिल होंगी।

समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में करीब दो हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। बैठक में बारियातू, बालूमाथ, हेरहंज सहित अन्य प्रखंडों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चंदवा में धूमधाम से निकली खाटू श्याम की शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** सरोज नगर स्थित श्रीराम जानकी दरबार से सोमवार को बाबा के पूजन के उपरांत खाटू श्याम की शोभायात्रा सह निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धालु महिला, पुरुष एवं बच्चे हाथों में खाटू श्याम बाबा का निशान ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए।

फूल-मालाओं से सुसज्जित वाहन में श्री श्याम बाबा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। गाजे-बाजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते-नाचते आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा का श्रीराम जानकी मंदिर के समीप पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

यात्रा सरोज नगर से निकलकर बुध बाजार, मेन रोड और सुभाष चौक होते हुए पुनः श्रीराम दरबार मंदिर पहुंची, जहां विधिवत पूजन-आरती की गई।

कार्यक्रम में पुरोहित प्रयाग पाठक, रोहित अग्रवाल, मिंकु शर्मा, विकास अग्रवाल, गोविंद पटवारी, सुशील पटवारी, सुमित पटवारी, आनंद कानोडिया, आशीष अग्रवाल, रविकांत कानोडिया, किशोर गिनोडिया, विनोद सांवरिया, नीरज, सुशील, सोनम अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, मोहिनीश कुमार सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### वाहन की चपेट में आने से झामुमो नेता की मां की मौत, कार्यकर्ताओं में शोक

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के बरनी ग्राम के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 60 वर्षीय चिमो देवी, पति माते उरांव, निवासी ग्राम कोमर, की मौत हो गई। मृतका झामुमो के प्रखंड सचिव की मां बताई जा रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिमो देवी बरनी के पास बालूमाथ जाने के लिए सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना की जानकारी मिलने पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू, झामुमो नेता मो. इमरान, साबिर अंसारी सहित कई कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और शोक व्यक्त किया। वहीं पूर्व विधायक सह झामुमो केंद्रीय उपाध्यक्ष बैद्यनाथ राम, जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव तथा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे ने भी गहरी संवेदना प्रकट की। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नन्हें रोजेदारों ने रखा रोजा नमाज अदा कर पेश की मिसाल




**चंदवा।** पवित्र रमज़ान माह में जहां बड़े-बुजुर्ग इबादत में लीन हैं, वहीं दो नन्हें बच्चों ने रोजा रखकर सबका दिल जीत लिया। असद खान (7 वर्ष), पिता मशरूर खान (तिलैया टांड, चंदवा) और मो. अर्श अली (6 वर्ष), पिता मो. अख्तर (शुक्रबाजार हरैया) ने पूरे उत्साह और अकीदत के साथ रोजा रखा तथा नमाज अदा की। परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चे कई दिनों से रोजा रखने की जिद कर रहे थे। परिवार के मार्गदर्शन में उन्होंने सेहरी की और पूरे दिन सब्र के साथ रोजा रखा। शाम को अजान के बाद खजूर और पानी से रोजा खोला। दिनभर पांचों वक्त की नमाज अदा कर उन्होंने अनुशासन और आस्था की मिसाल पेश की। मोहल्ले के बुजुर्गों ने बच्चों को दुआएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि कम उम्र में धार्मिक संस्कार और अनुशासन की यह भावना समाज के लिए सकारात्मक संदेश है। नन्हें रोजेदारों की इस पहल ने रमज़ान की रौनक को और बढ़ा दिया है।

### नगर परिषद चुनाव के दौरान उपायुक्त व एसपी ने किया निरीक्षण



**चतरा।** नगर परिषद आम निर्वाचन के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कीर्तिश्री जी एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, मतदाताओं की सुविधाओं और मतदान प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने मतदान कर्मियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात पाए गए। मतदाताओं में उत्साह देखा गया और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

### चतरा नगर परिषद चुनाव में 68.88 प्रतिशत मतदान



**चतरा।** नगर परिषद आम निर्वाचन में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कुल 68.88 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महिला एवं युवा मतदाताओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गईं, लेकिन व्यवस्था सुचारू रही। अधिकारियों ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं और कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

### डुमरी कला में अवैध खनन का आरोप, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के डुमरी कला गांव में अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में नियमों की अनदेखी कर खनन कार्य किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण और स्थानीय संसाधनों को नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

# लोहरदगा में रिकार्ड मतदान, 68.72 प्रतिशत वोटिंग

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहर में सोमवार को नगर परिषद चुनाव को लेकर दिन की शुरूआत मतदान प्रतिशत के हिसाब से काफी तेज रही, लेकिन जैसे-जैसे दिन ढलता गया, वैसे-वैसे मतदान का प्रतिशत सुस्त होता गया। शहर के विकास के लिए मतदाता सुबह घर से जल्दी निकले। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। यहां पर वार्ड के 102 और अध्यक्ष पद के दस प्रत्याशियों में अपने पसंद के प्रत्याशी के चयन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। हालांकि सूरज के सिर पर चढ़ते ही मतदान की रफ्तार कम हो गई थी। लोहरदगा से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने अपने परिवार के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। शहर के 46 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से पहले लाइन शुरु हुई थी। लोग पहले वोट देकर निश्चित होना चाहते थे। महिलाएं इसमें आगे थी। पुरुषों ने भी पहले महिलाओं को वोट देने को लेकर प्रेरित किया। चुनाव में इस बार बूथ के बाहर भी प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं को समझाते और अपने पक्ष में करते नजर आए। कुल 43070 मतदाता में से सुबह 9:00 बजे तक 11.40 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर लिया था। इसके बाद मतदान तेज हुआ और सुबह नौ बजे से लगभग दोगुना सुबह 11 बजे तक 24.32 प्रतिशत मतदान हो गया। हालांकि फिर मतदान की गति धीमी हुई और दोपहर एक बजे तक 38.89 ही मतदान का प्रतिशत रहा। यह पिछले दो घंटे का मात्र 14 प्रतिशत था। इसके पीछे मतपत्र के माध्यम से मतदान को कारण बताया गया। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई, वैसे-वैसे मतदान में समय भी लगने लगा था। दोपहर एक बजे तक 38.89 प्रतिशत मतदान हुई वही दोपहर तीन बजे से 52.87 प्रतिशत मतदान हो चुका था। वही शाम को 5 बजे तक कुल मतदान 68.72% रही।





## डीसी ने जिला नियंत्रण कक्ष का लिया जायजा तकनीकी इंतजामों की विस्तृत जानकारी ली

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** नगर निकाय चुनाव के सफल संचालन और पल-पल की निगरानी के लिए लोहरदगा में प्रशासनिक सक्रियता तेज हो गई है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने जिला नियंत्रण कक्ष (Control Room) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुशील अग्रवाल के पर्यवेक्षण में सभी प्रतिनियुक्त कर्मी कार्य करते पाए गए। उपायुक्त ने डेटा प्रबंधन, सूचनाओं के आदान-प्रदान और चुनावी गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए किए गए तकनीकी इंतजामों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने तैनात कर्मियों को निर्देशित किया कि वे सतर्कता के साथ कार्य करें ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा न आए।

इस अवसर पर सुरक्षा और प्रशासनिक तालमेल सुनिश्चित करने के लिए मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियंत्रण कक्ष से जिले के हर बूथ की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## हमने विकास और बेहतर नगर व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मतदान किया : धीरज साहू



**लोहरदगा।** नगर निकाय चुनाव को लेकर जिले में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। युवा, महिलाएं और बुजुर्ग मतदाता उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि मतदान निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी अपने परिजनों के साथ नए नगर परिषद कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पहुंचकर अपना मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने अपना वोट विकास के मुद्दे पर दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव स्थानीय विकास से जुड़ा चुनाव है और इसमें जनता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। "हमने विकास, पारदर्शिता और बेहतर नगर व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मतदान किया है। मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे भी विकास के मुद्दे पर सोच-समझकर अच्छे और योग्य उम्मीदवारों को चुनें, ताकि लोहरदगा का समग्र विकास हो सके," उन्होंने कहा। मतदान केंद्र पर आम मतदाताओं के बीच भी खासा उत्साह देखने को मिला। कई मतदाताओं ने कहा कि वे अपने शहर की सफाई व्यवस्था, सड़क, जल निकासी, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं में सुधार की उम्मीद के साथ मतदान कर रहे हैं। नगर निकाय चुनाव को लेकर पूरे शहर में लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिल रहा है। अब सभी की नजरें मतदान प्रतिशत और आने वाले परिणामों पर टिकी हैं, जो यह तय करेंगे कि आने वाले वर्षों में नगर परिषद की बागडोर किसके हाथों में होगी।

## 96 वर्षीय मजदूर नेता राजवंश सिंह ने डाला वोट, कहा- राष्ट्रीय उन्नति के लिए मतदान जरूरी



**लोहरदगा।** नगर परिषद चुनाव के मद्देनजर थाना रोड स्थित बालिका मध्य विद्यालय (बूथ संख्या 18, भाग 1) में मतदान के दौरान उस वक्त उत्साह का माहौल देखने को मिला, जब भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता राजवंश सिंह अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। 96 वर्ष की आयु में भी उनका जज्बा युवाओं को मात दे रहा था। वोट डालने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए वयोवृद्ध नेता ने कहा कि लोकतंत्र का यह महापर्व राष्ट्र के निर्माण का सबसे बड़ा अवसर है। उन्होंने जोर देकर कहा राष्ट्रीय उन्नति और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर नागरिक को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हम अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। राजवंश सिंह जैसे वरिष्ठ नागरिकों की मतदान केंद्र पर उपस्थिति ने न केवल चुनाव कर्मियों का उत्साह बढ़ाया, बल्कि वहां मौजूद युवा मतदाताओं के लिए भी प्रेरणा का केंद्र रही। प्रशासन द्वारा उनके सम्मान और सुगम मतदान के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे।

## लोहरदगा नगर के सम्मानीय मतदाताओं का आभार : अनिल

**लोहरदगा।** भाजपा समर्थित नगर परिषद के अध्यक्ष पद उम्मीदवार अनिल उरॉव ने कहा कि आज लोहरदगा नगर चुनाव उत्सव में नगर की जनता अपनी सहभागिता बढ़ चढ़कर निभाई, जिसका नतीजा यह हुआ कि पिछली सारी रिकार्ड तोड़ते हुए अप्रत्याशित मतदान हुआ। मुझे यकीन है कि लोहरदगा नगर की जनता का भरपूर प्यार भी मुझे मिला है। आशा है आगामी 27 तारीख को पूरा लोहरदगा जिला केशरियामय हो जाएगा और आप सभी अपनी विजयी जुलूस में शामिल होंगे। आप सभी के प्यार ने हमारे जीवन को जो ऊर्जा दी है, वह मेरे जीवन का संबल बन सदैव हमारे साथ रहेगी।

## संत गाडगे व्यक्ति नहीं, विचारधारा के प्रतिमूर्ति थे : अमित कुमार



नवीन मेल संवाददाता

**कुड़ू।** अखिल भारतीय धोबी महासंध कुड़ू ईकाई के द्वारा सोमवार को धोबी समाज के अगुवा सह गुरूदेव रहे बाबा संत गाडगे जी महाराज की 150 वीं जयंती ब्लाक मोड़, रामनगर तथा अन्य स्थानों पर मनाई गई। रामनगर धोबी टोला कुड़ू मे आयोजित जयंती समारोह के मुख्य अतिथि धोबी महासंध के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि बाबा साहब हमारे लिए आदर्श थें। उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। संत गाडगे एक व्यक्ति नहीं विचारधारा का नाम था ।बाबा साहब संत गाडगे जी महाराज ने कहा था कि समाज का उत्थान बगैर जागरूकता के नही हो सकता है। बाबा ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा अपने हक तथा अधिकारो के लिए आगे बढ़ो। बाबा के बताए रास्ते पर चलते हुए अपने हक तथा अधिकार के लिए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। धोबी समाज को उसका अधिकार तभी मिल सकता है जब समाज के लोग एक सुत्र में बंधते हुए आगे बढ़ेगे। बाबा संत गाडगे ने स्वच्छता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिया। विशिष्ट अतिथि महासंघ के प्रदेश नेता राजू कुमार रजक ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए काफी लम्बा संघर्ष किए थे। समाज का विकास बगैर शिक्षा के नही हो सकता है। समाज आज भी काफी पिछड़ा हुआ है सभी को संगठित होने की जरूरत है। इससे पहले बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए तथा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए श्रदा सुमन अर्पित किया गया। बाबा संत गाडगे के चित्र के समक्ष केक काटते हुए जन्मदिन मनाया गया। मौके पर बच्चों के बीच टाफी तथा मिठाई का वितरण किया गया। शहरी क्षेत्र के साथ- साथ प्रखंड के ककरगढ़, सलगी, सुंदरू, पंडरा, ओपा समेत अन्य गांवों मे धोबी महासंघ के द्वारा संत गाडगे महाराज की जयंती मनाई गई। मौके पर महासंघ के प्रदेश मीडीया प्रभारी अमित कुमार प्रदेश नेता राजू कुमार रजक लोहरदगा जिला अध्यक्ष राकेश कुमार रजक प्रखंड अध्यक्ष जयधन बैठा,बरूण बैठा, दिलिप बैठा, राजा कुमार, जितेंद्र रजक, सीताराम रजक, गौतम रजक, आकाश बैठा, रूणा बैठा, सुजित रजक, मनीष बैठा, जगबीर रजक, उर्मिला देवी, रमेश बैठा, चंचला देवी, श्याम बैठा, अनिता देवी, अभिषेक कुमार रिंकू, अधनु बैठा, राजू रंजन बैठा, आकाश कुमार राजा सहित अन्य शामिल थे।

### लोहरदगा नगर निकाय चुनाव : 46 मतदान केंद्रों पर हुआ मतदान

# महिला और युवा मतदाताओं की लंबी कतारें, 27 फरवरी को आएंगे नतीजे






नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर सोमवार सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई। सुबह से ही मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। दोपहर 2 बजे तक शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। खासकर पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय, नवाड़ीपाड़ा स्थित मतदान केंद्र पर मतदाताओं में विशेष उत्साह नजर आया, जहां लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अनुशासित तरीके से कतारबद्ध होकर वोट देने के लिए खड़े थे। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से 23 तक के पार्षद पदों के साथ-साथ नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए भी मतदान कराया जा रहा है। चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई थीं। जिले में कुल 46 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

प्रत्येक केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। महिला मतदाताओं में इस बार खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं सुबह से ही मतदान केंद्रों पर पहुंच रही हैं और बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रही हैं। युवाओं में भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर जागरूकता साफ तौर पर दिखाई दे रही है। पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाता भी उत्साह के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचे। प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल और छाया की भी व्यवस्था की गई है। जिले में मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से जारी है। चुनाव परिणाम 27 फरवरी को घोषित किए जाएंगे, जिसके बाद नगर परिषद की नई सरकार का गठन होगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जिले की लोकतांत्रिक परंपरा को और सशक्त कर रही है।

कार्यक्रम

### सरना अस्मिता पर सांसद सुखदेव भगत का बड़ा बयान, कहा

# संस्कृति और धार्मिक स्थलों की रक्षा हमारा कर्तव्य

- पुतलो ग्राम में सरना स्थल घेराबंदी का शिलान्यास, जल-जंगल-जमीन की रक्षा का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** आदिवासी अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने बेड़ो प्रखंड के पुतलो ग्राम में सरना स्थल घेराबंदी कार्य का शिलान्यास किया। सादे किन्तु गरिमामय समारोह में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाज के बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि एवं महिला-पुरुष उपस्थित रहे। शिलान्यास के उपरांत अपने संबोधन में सांसद सुखदेव भगत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरना स्थल आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का जीवंत केंद्र है। इसकी सुरक्षा और संरक्षण हम सबका सामूहिक दायित्व है। घेराबंदी से इसकी पवित्रता और पहचान अक्षुण्ण बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार राज्य भर में सरना, मसना स्थलों की घेराबंदी तथा धुमकुड़िया भवनों का निर्माण कर आदिवासी संस्कृति को संरक्षित और सशक्त करने का कार्य कर रही है। यह पहल न केवल धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी परंपराओं से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सांसद ने जोर देते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा आदिवासी जीवन का मूल आधार है। यदि ये सुरक्षित रहेंगे, तभी हमारी संस्कृति और अस्तित्व सुरक्षित रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपनी सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा के लिए एकजुट होकर आगे आएं। उन्होंने यह भी कहा कि सरना स्थल केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, पारंपरिक निर्णय और सामुदायिक एकता का केंद्र भी है। यहां समाज के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं और पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन होता है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सांसद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम आदिवासी अस्मिता को नई मजबूती प्रदान करेगा। ग्रामीणों में भी इस पहल को लेकर उत्साह और संतोष देखा गया। समारोह का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि सरना स्थल की गरिमा और पवित्रता को बनाए रखने के लिए समाज संगठित होकर कार्य करेगा।

## न्यूज बॉक्स

### लोहरदगा के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे : सूखैर भगत



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी, लोहरदगा के अध्यक्ष सूखैर भगत ने आम मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव–2026, लोहरदगा के इस लोकतांत्रिक महापर्व में सबसे पहले मैं अपने हृदय की गहराइयों से जिला कांग्रेस कमिटी लोहरदगा एवं कांग्रेस परिवार के प्रत्येक सम्मानित साथी, कार्यकर्ता और शुभचिंतक का कोटि-कोटि आभार व्यक्त करता हूँ। कहा कि आप सभी ने कठिन परिस्थितियों में भी अडिग विश्वास, अथक परिश्रम और निस्वार्थ समर्पण के साथ जिस तरह साथ निभाया, वह मेरे लिए केवल सहयोग नहीं बल्कि जीवन भर का भावनात्मक संबल है। साथ ही लोकतंत्र की आवाज़ बने प्रेस एवं मीडिया के सभी सम्मानित बंधुओं, हमारी पूरी जुझारू टीम और लोहरदगा नगर की जागरूक, संवेदनशील और स्वाभिमानी जनता जनार्दन को मैं हृदय से नमन करते हुए धन्यवाद देता हूँ। आपके प्रेम, समर्थन और विश्वास ने हमें भीतर से और अधिक मजबूत, और जनसेवा के लिए और अधिक संकल्पित बनाया है। यह भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। लोहरदगा के सर्वांगीण विकास, भाईचारा, अमन-चैन और जनहित के लिए हम सदैव पूरी निष्ठा और ईमानदारी से आपकी सेवा में तत्पर रहेंगे।

### बाल विवाह रोक थाम को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान




**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौदी में झालसा रांची के निर्देशानुसार डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बाल विवाह रोक थाम व लिंग चयनात्मक प्रथा उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। उसी निमित पीएलवी पुनु देवी और प्रियांशु यादव और श्रीमति कुमारी के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी ग्राम स्थित विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिका और छात्र-छात्राओं को कम उम्र में विवाह नही करने के उद्देश्य को बताते हुए बाल विवाह रोक थाम के लिये जागरूकता अभियान चलाया गया। जिस पर बताया गया की कम उम्र में शादी विवाह करना कानून अपराध है। सरकार द्वारा निर्धारित उम्र से पहले माता पिता अपने लड़के-लड़कियों का विवाह करते हैं। तो उन्हें आर्थिक दंड के साथ जेल की सजा हो सकती है। सभी लोगों को पढ़ाई लिखाई कर भविष्य बनाने का पूर्ण अधिकार है। साथ ही कहा गया कि कम उम्र में विवाह करने से लड़के-लड़कियां जल्द ही माता पिता बन जाते हैं। जिसे उनको काफी परेशानी होती है। कम उम्र में विवाह करने से अधिकांश लड़कियों का शारीरक मानसिक तनाव होता है। जिसे वे भविष्य में अधिक परेशान रहती है। सरकार द्वारा लड़कों के लिए 20 वर्ष व लड़कियों के 18 वर्ष विवाह के लिए उम्र सीमा निर्धारित किया गया है। खास कर छात्र-छात्राओं से पढ़ाई लिखाई कर भविष्य को संवारने के बाद शादी विवाह करने और बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक करने का अपील किया गया। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ साक्षी कुमारी, ज्वाला कुमारी, बादल उरांव, रोहणी कुमारी, शशिकांत उरांव, खुशी कुमारी, विशाल महतो, महक कुमारी, अनिता कुमारी, शुभम लोहरा, अंकित उरांव, अनिमा कुमारी, सूरज महतो समेत विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बाल विवाह मुक्ति रथ ने कैरो प्रखंड का किया भ्रमण




**कैरो / लोहरदगा।** ग्राम स्वराज्य संस्थान के संयुक्त प्रयास से चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्ति रथ ने कैरो प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान रथ के माध्यम से विभिन्न हाट-बाजारों एवं प्रखंड कार्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से आम नागरिकों एवं हितधारकों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधान तथा बाल अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन, प्रखंड प्रशासन एवं पंचायत प्रतिनिधियों के संयुक्त तत्वावधान में समुदाय के सभी वर्गों को जागरूक कर जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाना है। कार्यक्रम के दौरान कैरो प्रखंड व थाना के कर्मियों ने बाल विवाह मुक्ति रथ का स्वागत करते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है तथा 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं का विवाह कराना कानूनन अपराध है। उन्होंने पंचायत कर्मियों, मुखिया एवं सहिया सेविकाओं से आह्वान किया कि वे सभी मिलकर इस सामाजिक बुराई को अपने क्षेत्र से समाप्त करें।

### यज्ञ में आहूति देने से मनुष्य के सभी पाप हो जाते हैं नष्ट : प्रदीप मिश्रा



**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नवनिर्मित दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा के निमित आयोजित शत चंडी यज्ञ का आयोजन के दौरान यज्ञाचार्य प्रदीप मिश्रा द्वारा सोमवार को नंदकिशोर शुक्ला, अवधकिशोर साहू, अजय सोनी, मदन साहू, शिवा महतो, राजकुमार साहू, राजू साहू सहित अन्य यजमानों को सपत्नीक यज्ञ कराया गया। वही यज्ञाचार्य प्रदीप मिश्रा ने यजमानों को बताते हुए कहा कि यज्ञ में आहुति देने से मनुष्य का सभी पाप नष्ट हो जाता है। क्योंकि यज्ञ में 33 कोटि देवी देवताओं का निवास रहता है। इसलिए यज्ञ करने पर ही श्रद्धालु भक्तों को एक साथ 33 कोटि देवी देवताओं का पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। जबकी तीर्थ यात्रा में एक साथ ऐसा सम्भव नही हो पाता है। शत चंडी महायज्ञ और दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालु भक्तों के हृदय में उमंग व भक्ति है। साथ ही प्रत्येक दिन संध्याकाल में विष्णुचित्त महाराज के द्वारा श्रीमद्भागवत गीता महात्म्य का प्रवचन सुनाया जा रहा है। मौके पर अवनीश पाठक, हर्ष शास्त्री, अभिषेक मिश्रा, बिपुल शास्त्री, राजेश पाठक, विपिन शास्त्री सहित अन्य विद्वान आचार्य पुरोहित के अलावे अध्यक्ष जोधनरायण साहू, उपाध्यक्ष अजय साहू, संतोष महतो, बृजमोहन प्रसाद, केदारनाथ साहू, कमेश महतो, रविन्द्र शुक्ला सहित सैकड़ों भक्त महिला पुरुष मौजूद थे।

### महिला कालेज कर्मियों की होली बेरंग होगी, वेतन के पड़े लाले

**लोहरदगा।** मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला कॉलेज कर्मियों को 3 महीने से वेतन नहीं मिला है। पिछले कई सालों से कॉलेज के कर्मियों को वेतन के लिए महीनों इंतजार करने की जैसे नियति बन गई है। हाल यह है कॉलेज कोष में पर्याप्त राशि होने के बावजूद पिछले साल एक साल बाद वेतन भुगतान हुआ था। जनप्रतिनिधि अधिकारी कालेज कर्मियों की गुहार पर चुप्पी साधे रहे थे। इस बार भी यही स्थिति बनती नजर आ रही है। सूत्रों के अनुसार सत्ता पक्ष की राजनीति से जुड़े लोगों की गैर जरूरी दखलअंदाजी कॉलेज में समस्याओं की वजह बन गई है।

नगरपालिका चुनाव 2026









# गुमला के सभी बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान, युवाओं में दिखा उत्साह

● अधिकारियों ने निष्पक्ष पारदर्शी और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने में निभायी अहम भूमिका

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** नगरपालिका आम चुनाव 2026 को सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन ज़मा ने सोमवार को जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था और मतदाताओं के लिए की गई सुविधाओं का जायजा लिया। सुबह 7 बजे से ही जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता उत्साहपूर्वक कतार में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आए। पूरे जिले में मतदान शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित हो रहा है।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आजाद बस्ती स्थित चलंत बूथ संख्या 10/1 एवं 10/2, कम्युनिटी हॉल अम्बेडकर नगर के बूथ संख्या 4/1, मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र खड़िया पाड़ा के बूथ संख्या 4/2, व्यापार मंडल के बूथ संख्या 5/1, संयुक्त सहकारिता भवन के बूथ संख्या 5/2 तथा नगर परिषद परिसर स्थित बूथ संख्या 21/1 एवं 21/2 का निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, बिजली आपूर्ति तथा मतदाताओं की सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने मौके पर तैनात दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

जिला प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है।

प्रशासन ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के भीतर अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## भरनो में एक मार्च को लगेगा पारंपरिक फागुन मेला

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो।** भरनो प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित होने वाला पारंपरिक वार्षिक फागुन मेला इस वर्ष 01 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर प्रखंड प्रशासन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। फागुन मेला के सफल आयोजन को लेकर प्रखंड कार्यालय भरनो द्वारा डाक (नीलामी) की प्रक्रिया पूरी की जानी है। इस संबंध में प्रखंड कार्यालय परिसर में 26 फरवरी 2026, गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे से डाक की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फागुन मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक आस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मेले के सुचारू संचालन के लिए डाक प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न व्यवस्थाओं का चयन किया जाएगा।

उन्होंने प्रखंड के सभी आम एवं खास लोगों, व्यवसायियों तथा इच्छुक व्यक्तियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर डाक प्रक्रिया में भाग लें। प्रशासन को उम्मीद है कि इस वर्ष भी फागुन मेला पूरे उत्साह, परंपरा और उल्लास के साथ आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

### बुढ़ीपाठ में कुड़ुख भाषा के संरक्षण की नई पहल

## 'चम्मबी लूर कुड़िया स्कूल' का शुभारंभ, मातृभाषा से जुड़ेंगे बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के बुढ़ीपाठ गांव में सोमवार को जनजातीय भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए कुड़ुख चम्मबी लूर कुड़िया स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस विद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कुड़ुख भाषा और तोलोंग लिपि का प्रचार-प्रसार करना है, ताकि नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी रह सके। विद्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. नारायण उरांव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष मुकेश उरांव, पड़हा अध्यक्ष लधुवा उरांव, जुगल उरांव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई, जिससे आयोजन पूरी तरह सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आया। विद्यालय के संस्थापक रतिया उरांव ने सभी अतिथियों का पारंपरिक अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. नारायण उरांव ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में आदिवासी समाज की भाषा और संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। ऐसे समय में इस तरह के विद्यालय की स्थापना अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक कदम है।

## पेड़ से गिरी किशोरी सदर अस्पताल में भर्ती

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट थाना क्षेत्र के गोडाडीह गांव में सोमवार को एक किशोरी पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल किशोरी की पहचान रतिया खड़िया की 17 वर्षीय पुत्री सविता कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों ने उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह सविता कुमारी बकरी चराने के लिए झापी पहाड़ गई थी। इसी दौरान वह पेड़ पर चढ़कर डाली काट रही थी। अचानक डाली टूट जाने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे जमीन पर गिर पड़ी।

## कक्षा 6, 7 और 9 में नामांकन के लिए दिशा-निर्देश जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** झारखंड आवासीय विद्यालय कातिंग में आज शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय की रिक्त सीटों, श्रेणीवार आरक्षण और नामांकन की पारदर्शिता पर विस्तार से चर्चा कर कई अहम निर्णय लिए गए।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी सत्र में कक्षा 6, 7 और 9 के लिए नामांकन लिए जाएंगे। सामाजिक न्याय और समावेशी शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए सीटों का बंटवारा कक्षा 6 कुल 50 सीटें है जिसमें अनुसूचित जनजाति 31 सीटें,अनुसूचित जाति 01 सीट, ओबीसी एवं सामान्य 05 सीटें,अल्पसंख्यक के लिए 01 सीट, बीपीएल श्रेणी 12 सीटें, उच्च कक्षाएं के कक्षा 7 के लिए 02 सीटें,कक्षा 9 के लिए 01 सीट है।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि आवासीय विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखने के निर्देश दिए।कातिंग पंचायत की मुखिया मधुरा मिंज और चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने भी शिक्षा के अधिकार पर जोर देते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चों को इन सीटों का लाभ मिलना चाहिए। विद्यालय की वार्डन सिलवाती देवी ने अतिथियों का स्वागत किया और आगामी सत्र की तैयारियों की जानकारी साझा की।बैठक के दौरान विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। उन्होंने न केवल नामांकन बल्कि आने वाले सत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर अपने विचार रखे।

### 4-5 माह से मानदेय नहीं मिलने पर सहिया बहनों में नाराजगी

## डीसी को सहिया बहनें आज सौंपेंगी मांगपत्र

● नियमित स्वास्थ्य सेवाएं देने के बावजूद भुगतान नहीं मिलने से कर्मियों में नाराजगी बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत सहिया, सहिया साथी, बीटीटी और एसटीटी कर्मियों को पिछले 4 से 5 माह से प्रोत्साहन राशि और मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण उनमें गहरा असंतोष व्याप्त है। लंबित भुगतान के चलते इन कर्मियों को आर्थिक और पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं का नियमित और जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के बावजूद मानदेय नहीं मिलने से कर्मियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कर्मियों का कहना है कि वे लगातार क्षेत्र में स्वास्थ्य योजनाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन भुगतान लंबित रहने से उनकी स्थिति दयनीय हो गई है।

इस समस्या के समाधान को लेकर सहिया सह सामूहिक प्रशिक्षक संघ ने पहल करते हुए 24 फरवरी, मंगलवार को उपायुक्त महोदया एवं सिविल सर्जन महोदय को मांगपत्र सौंपने का निर्णय लिया है। इस मांगपत्र के माध्यम से लंबित मानदेय और प्रोत्साहन राशि का जल्द भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। संघ की संरक्षण उमा देवी एवं उपाध्यक्ष अंजना साहू ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो सहिया कर्मियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। संघ ने जिला प्रशासन से सहिया कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान करने की मांग की है, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों और कर्मियों को राहत मिल सके।

## समाज के विरोध से आहत प्रेमी युगल ने दी जान, गांव में पसरा मातम

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गबरटोली गांव के समीप अंतरजातीय प्रेम संबंध के विरोध से आहत एक प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही कामडारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पोढ़व टोली निवासी राजू सिंह की 16 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी और गबरटोली निवासी रमेश बड़ाइक के बीच पिछले कुछ समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अलग-अलग जाति से होने के कारण उनके रिश्ते का समाज और परिजनों द्वारा विरोध किया जा रहा था। बताया जाता है कि शनिवार को सोनी कुमारी मैट्रिक की प्रायोगिक परीक्षा देने बसिया गई थी। उसके पिता उसे लेने पहुंचे, लेकिन उससे पहले ही उसका प्रेमी वहां पहुंच गया और दोनों साथ फरार हो गए।

परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

## बांसडीह घाट में अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, युवक घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के काटा सारू गांव निवासी 20 वर्षीय अनिल उरांव सोमवार देर दोपहर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। बांसडीह घाट के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया।

घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए परिजनों को सूचना दी और घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनिल उरांव मजदूरी का काम करता है। वह सोमवार को गुमला में काम खत्म कर बाइक से अपने घर काटा सारू लौट रहा था। इसी दौरान बांसडीह घाट के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में उसे गंभीर चोटें आई हैं।

## बरगांव में खड़िया पेट्रोल पंप का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** मुरकुंडा रोड स्थित बरगांव के समीप खड़िया पेट्रोल पंप का विधिवत शुभारंभ सोमवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। पेट्रोल पंप की प्रोपराइटर लक्ष्मिण कुमारी हैं। उद्घाटन से पूर्व पुरोहित विष्णु शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराकर पेट्रोल पंप के सफल संचालन की कामना की।

इसके पश्चात जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्त देवी, सरगांव पंचायत के मुखिया पतराज उरांव, कसीरा पंचायत के मुखिया राजेश खड़िया, अमंवा पंचायत की मुखिया सीता देवी, मुकुंद पंचायत के सरपंच फकीरचंद भगत तथा अमंवा पंचायत के सरपंच रमेश सिंह सहित सुरेश लकड़ा, अनीता, लक्ष्मी एवं सुनील ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पेट्रोल पंप के शुरू होने से बरगांव और आसपास के ग्रामीणों को अब ईंधन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

## कुएं में मिला 15 वर्षीय किशोर का शव

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलाफारी गांव में सोमवार को एक कुएं से 15 वर्षीय किशोर का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कसपोढया गांव निवासी स्वर्गीय ढुनू मुंडा के पुत्र कामदेव मुंडा के रूप में की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कामदेव मुंडा अपने जीजा छोटेलाल मुंडा के साथ सिलाफारी गांव में रह रहा था। वह 18 फरवरी की शाम से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। इसी बीच सोमवार को सिलाफारी गांव निवासी सुरेश साहू के कुएं में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही किशोर की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल है।

### बसिया में टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

## जनभागीदारी से टीबी मुक्त पंचायत बनाने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**बसिया (गुमला)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रेफरल अस्पताल बसिया के सभागार में सोमवार को प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य टीबी बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना, टीबी फोरम का गठन करना तथा जनभागीदारी के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत का निर्माण सुनिश्चित करना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड क्रम पदाधिकारी, टीबी विभाग के वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, टीबी चैंपियन, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्थानीय गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों सहित प्रखंड एवं पंचायत स्तर के कई जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

कार्यक्रम में रेफरल अस्पताल बसिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय लकड़ा, डॉ. शिपिंग बरला, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संदीप कुमार साहू एवं टीबी विभाग के वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक अलेक्सियुस एक्का ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान डॉ. विजय लकड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य देश को टीबी जैसी गंभीर बीमारी से मुक्त करना है।इसके लिए आवश्यक है कि घर-घर तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएं और सभी लोग इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं डॉ. शिपिंग बरला ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए जोखिम वाले समूहों के बीच विशेष अभियान चलाकर टीबी रोगियों की पहचान करना और उन्हें समय पर उपचार से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से क्षेत्र में सक्रिय रहकर टीबी मरीजों की खोज करने की अपील की। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संदीप कुमार साहू ने उपस्थित सभी सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर टीबी रोगियों की पहचान करने तथा स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया।

## कुटमा ग्राम सभा में पेड़ कटाई विवाद सुलझा, निजी संपत्ति बताकर आरोप खारिज

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** सदर प्रखंड अंतर्गत कुटमा गांव स्थित भूरिया कमेटी चबूतरा में सोमवार को ग्राम सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेड़ काटने व बेचने के मामले में गुमला थाना में दर्ज सनहा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान महावीर पाहन ने की। इस अवसर पर मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम सभा में कुटमा निवासी धनंजय जायसवाल द्वारा महावीर साहू, सोमरा खड़िया, घुडा खड़िया, बंधन लोहारा, मनक महतो एवं रूपेश सिंह को आरोपी बनाए जाने के मामले पर विचार-विमर्श किया गया। आरोप था कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा करंज पेड़ काटकर बेच दिया गया, जिसको लेकर धनंजय जायसवाल ने गुमला थाना में सनहा दर्ज कराया था।

बैठक के दौरान की गई जांच-पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित जमीन स्वर्गीय रामनवमी सिंह की निजी संपत्ति है। उनके पोते रूपेश सिंह ने अपनी माता के इलाज के लिए आर्थिक आवश्यकता को देखते हुए उक्त जमीन पर लगे छह करंज पेड़ों को नामित व्यक्तियों को बेच दिया था।

ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जमीन एवं पेड़ रामनवमी सिंह की निजी संपत्ति थी और रूपेश सिंह ने पारिवारिक जरूरत के तहत पेड़ों की बिक्री की। ऐसे में धनंजय जायसवाल द्वारा दर्ज कराया गया सनहा गलत पाया गया।

